तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]


4

जिंदल विद्यालय तराईमाल में दीक्षांत समारोह का आयोजन




## मतदान केन्द्रों को इन मतदाताओं के अनुकूल बनाने चल रही तैयारी

# 39 हजार 500 दिव्यांग व वयोवृद्ध मतदाताओं को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में इससे पहले मतदान केन्द्रों को दिव्यांग व वयोवृद्ध मतदाताओं के अनुकुल बनाने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चल रही है।

लोकसभा चुनावों की तारिखों का ऐलान होने के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में तो खासी हलचल देखने को मिल रही है। वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान की आहूति सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। यही वजह है कि प्रशासनिक स्तर पर भी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के जरिए प्रत्येक वर्ग को मतदान की इस प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि मतदाता मतदान केन्द्र पहुंच कर ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसी कड़ी में शासन स्तर पर जिले के करीब 39 हजार 500 दिव्यांग व 16 हजार 427 वयोवृद्ध मतदाता हैं। जिन्हें मतदान केन्द्रों में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिन



मतदान केन्द्रों में रैंप की व्यवस्था नहीं हैं वहां रैंप का निर्माण भी किया गया है। चूंकि मतदान केंद्र नहीं बदले गए हैं, ऐसे में दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

### सुविधाओं से लैस होगी बूथ

मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं, चूंकि मई में गर्मी अधिक होगी, ऐसे में धूप से बचाने छाया की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं वृद्ध मतदाताओं को लाने व ले जाने के लिए तथा सुविधाजनक तरीके से मतदान कराने के बाद उन्हें वापस ले लाने की व्यवस्था भी की जाएगी। मतदान केन्द्रों में एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए तैनात किया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

| विस क्षेत्र | दिव्यांग | बुजुर्ग |
|---|---|---|
| जशपुर | 2404 | 2057 |
| कुनकुनी | 2592 | 2050 |
| पत्थलगांव | 2852 | 2483 |
| लैलूंगा | 2280 | 1692 |
| रायगढ़ | 2653 | 2217 |
| खरसिया | 3389 | 2652 |
| धरमजयगढ़ | 2611 | 1912 |
| सारंगढ़ | 4290 | 1617 |

## तीन थाना क्षेत्रों से 12 सटोरिए पकड़े गए, 1.62 लाख की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आईपीएल क्रिकेट में सट्टेबाजों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चला कर चक्रधरनगर, कोतवाली व खरखिया थाना क्षेत्र से करीब 12 सटोरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम सहित करीब 1 लाख 62 हजार की संपत्ति जब्त की गई है।

- आईपीएल में सट्टेबाजी के खिलाफ चला पुलिसिया अभियान

गौरतलब है कि वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट मैच चल रहा है। ऐसे में सटोरिए भी सक्रिय हो गए हैं और हर दांव में सट्टा का कारोबार चल रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा पिछले दो दिनों से जिले में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर अभियान स्तर पर कार्यवाही की गई है। शनिवार की रात को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 व्यक्तियों को आईपीएल क्रिकेट मैच पर बॉल टू बॉल ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नोट करते पकड़ा गया। जिनसे सट्टे पर लगा नगद 20 हजार रूपए, 7 नग मोबाइल, 1 लैपटॉप जप्त किया ⏭ शेष पेज 4 पर



### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

अभियान में पकड़े गए आरोपी थाना कोतवाली आरोपी मोहम्मद अनीश पिता मोहम्मद पीर उम्र 43 साल निवासी चांदनी चौंक से नकदी रकम 7 हजार, 2 नग मोबाईल व शहनवाज पिता मोहम्मद शमशेर उम्र 28 साल निवासी चांदनी चौंक से जब्ती नकदी रकम 8 हजार रुपए, 3 नग मोबाईल तथा एजाज खान पिता लाल खान उम्र 19 साल से 5 हजार रुपए, 2 नग मोबाईल, 1 नग लेपटाप, गौतम यादव पिता माधव यादव उम्र 36 साल कॉलोनी चक्रधरनगर से 1 हजार 720 रुपए, गौरव उर्फ गोलू पिता प्रमोद पोद्दार उम्र 22 साल निवासी पंजरी प्लाट से 2 हजार 310 रुपए, भोला राठौर रामनाथ राठौर निवासी रतनमहका से 5 हजार 370 रुपए, 2 नग मोबाइल, भेकेश्वर ⏭ शेष पेज 4 पर

## वोटर आईडी में आनलाइन सुधार संभव

**सारंगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए देश में चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की है। आयोग काफी समय से देश में इलेक्शन प्रोसेस को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है। आयोग ने कई एप और पोर्टल से चुनाव के प्रक्रिया को सभी मतदाताओं को मोबाइल में सुविधा दी है। इन्ही एप में वोटर हेल्पलाइन चुनाव से जुड़ी सभी जरूरत के लिए बहुउपयोगी है।मतदाता सूची में नाम इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर आईडी रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही वोटर आईडी के नाम पता में सुधार कर सकते हैं। वोटर स्लिप डाउनलोड ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। इस पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां मिल जाएगी।

## 38 तक पहुंचा पारा, झुलसा रहा सूरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते दिनों हुई बारिश के बाद फिर से एक बार तापमान में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई है। जिले में तापमान 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले में तापमान में बढ़ोत्तरी के संकेत है। ऐसे में आने वाले दिनों में तेज धूप से हालाकान होना पड़ेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान करीब 24 डिग्री तक दर्ज किया गया है। दिन भर धूप की तपीस ने लोगों को झुलसाया। इसके साथ ही गर्म हवाएं भी चलती रही। जिसके कारण तेज गर्मी का अहसास हुआ।

आने वाले दिनों में तामपान और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हवाओं हवाओं के प्रभाव बढ़ने होने के कारण प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले 2 दिनों तक क्रमशः लगातार वृद्धि होने की संभावना है। पिछले सप्ताह हुए आंधी और बारिश कारण मौसम का मिजाज बदल गया था। लगातार बारिश और बादल के बाद मौसम साफ हो गया है। ऐसे में अब एक बार फिर से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों तक तापमान बढ़ोत्तरी हो गया। ऐसे में इस साल अप्रैल के पहले सप्ताह में ही प्रचंड गर्मी का सामना करना होगा। पिछले सप्ताह हुए बारिश से गर्मी पूरी तरह घट गया था। अब फिर से गर्मी बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट हुआ था। जिसके बाद फिर एक बार आसमान साफ हुआ। जिसके बाद गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू किया है। पिछले 5 दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रहा है।



### आंधी के साथ बारिश की संभावना

द्रोणिका के प्रभाव से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को हवा चलने के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति अंदरुनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## खबर संक्षेप



### डीकेएल क्लब के खेल अभ्यर्थियों को दिए टिप्स

**रायगढ़।** डीकेएल क्लब लोहरसिंह मे वॉलीबॉल खेल प्रशिक्षण के साथ साथ पिछले तीन चार महीनो से छग पुलिस भर्ती, एस आई भर्ती, रेलवे पुलिस बल भर्ती हेतु चल रहे शारीरिक व्यायाम प्रशिक्षण एवम संबंधित खेल जैसे 100मीटर दौड़, 800मीटर दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद इत्यादि खेलों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। रविवार की सुबह 5 बजे से डीकेएल क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी द्वारा सभी 35 अभ्यर्थियों का सभी खेलों में व्यक्तिगत अवलोकन कर और बेहतर परिणाम के लिए आवश्यक क्रिया कलापों के लिए निर्देशित किया गया, साथ ही अभ्यर्थियों के भोजन आहार संबंधित डाइट प्लान के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में रविवार को क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी के साथ क्लब के संरक्षक दिनेश नायक क्षेत्र के डीडीसी खेमराज नायक क्लब के मैनेजर सरोज गुप्ता क्लब के सचिव सेतकुमार गुप्ता क्लब के सिनियर प्लेयर गोलू गुप्ताए, जितेंद्र गुप्ता, टीकू साहू, राजेंद्र साहू, प्रभात नायक सभी ने अभ्यर्थियों को शारीरिक व्यायाम, खेल, लिखित परीक्षा हेतु दिशा निर्देश एवम उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### शिविर में मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरसीवा में शनिवार को खाद्य कारोबार कर्ताओं का एफएसएसएआई के तहत खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमे 04 अनुज्ञप्ति और 37 पंजीयन के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग के द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के संबध में जानकारी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शिविर में आए लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ भी दिलवाया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग के साथ नमूना सहायक वरुण पटेल भी उपस्थित थे।

### विक्षिप्त महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**पुसौर।** थाना मुख्यालय पुसौर से महज 15 किमी दूर स्थित ग्राम बारडोली निवासी श्रीमती निराशी प्रधान पति शिव प्रधान उम्र लगभग 55 वर्ष की मानसिक स्थिति पिछले कई वर्षो से ठीक नहीं थी जिसके कारण वह घरेलु कार्य न करते हुए अपने में खोई रहती थी। उक्ताशय को लेकर थाना प्रभारी आर के बनजारे के मार्गदर्शन में एएसआईयू एस विश्वाल ने जानकारी दिया कि इसकी बेटी शांति प्रधान ने आकर रिपोर्ट लिखाया है कि उसकी मां श्रीमती निराशी जहरीला पदार्थ सेवन कर मौत हो गई है।

### विरोध में जिला कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

**जांजगीर-चांपा।** कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज होने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मशाल रैली निकाली और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आयकर विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के बैंक खातों को सील किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नियुक्त प्रभारी विवेक सिसोदिया के संयोजकत्व में रैली निकाली गई।



रविवार को जिंदल समूह के संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते अफसर।

# 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए ओमप्रकाश जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल समूह के संस्थापक और भारतीय उद्यमिता की धाक पूरी दुनिया में जमाने वाले ओमप्रकाश जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर जेएसपी परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिंदल स्टील एंड पॉवर के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय, जिंदल लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अनंदिता बंद्योपाध्याय एवं वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। फिर पूरे दिन श्रीमद्भगवत गीता का पाठ चलता रहा। इसके अलावा फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल, आशा द होप, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल कम्यूनिटी कॉलेज एवं स्टील स्ट्रक्चरल डिवीज़न पूंजीपथरा में भी श्रद्धांजलि दी गई। जेएसपी फाउंडेशन की टीम द्वारा शहर एवं आसपास के गांवों में विविध कार्यक्रम गए।

- पूरे दिन संयंत्र, आसपास के गांवों और शहर में हुए अनेक कार्यक्रम

31 मार्च को जिंदल समूह के संस्थापक ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। संपूर्ण जिंदल उद्योग समूह के साथ रायगढ़ में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह 8 बजे जेएसपी परिसर में सेंट्रल बेरियर के पास स्थित श्री जिंदल की प्रतिमा पर जेएसपी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सब्यसाची बंद्योपाध्याय, श्रीमती अनिंदिता बंद्योपाध्याय, संजीव चौहानए, संजय सिन्हा, अरविंद कुमार भगत, अमित खोखर, राम किशोर सहित अन्य अधिकारीयों ने माल्यार्पण कर ⏭ शेष पेज 4 पर

### पूंजीपथरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूंजीपथरा स्थित स्टील स्ट्रक्चरल डिवीजन में यूनिट हेड कौशल शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेडिकल एड पोस्ट पूंजीपथरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां मरीजों को निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। अमलीडीह स्थित नेत्रहीन बच्चों के विद्यालय में भोजन की व्यवस्था भी की गयी।

## नलवा परिवार ने किया बाबूजी को याद



नलवा परिवार द्वारा जिंदल उद्योग समूह के संस्थापक, प्रखर राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवक ओम प्रकाश जिंदल बाबूजी की 19वीं पुण्यतिथि 31 मार्च को डायरेक्टर एवं प्लांट हेड एसएस राठी तथा समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण, संयंत्र स्थित ओपी जिंदल स्कूल के शिक्षक शिक्षिका एवं श्रमिकों की उपस्थिति में उनकी चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्लांट हेड एसएस राठी द्वारा बाबू को श्रद्धांजलि देते हुए एवं बाबूजी के साथ बिताए अपने कार्य के अनुभवों को याद करते हुए हुए कहा कि बाबू का पूरा जीवन काल प्रेरणा एवं उपलब्धियों से भरा हुआ है, वह हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। जिस तरह स्व. श्री जिंदल अपने दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत एवं लगन के बल एक विशाल जिंदल समूह का गठन किया जो आज वैश्विक स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। इस अवसर पर संयंत्र स्थित मंदिर प्रांगण में एस एस राठी द्वारा बंजारी मंदिर के 11 पंडितों को भोजन करा के वस्त्र आदि दान किया गया साथ ही प्रति वर्ष कि भांती इस वर्ष भी ग्राम तराईमाल के वृद्ध निराश्रित महिलाओं एवम पुरुषों को डायरेक्टर एवं प्लांट हेड एस एस राठी द्वारा वस्त्र वितरण कर उनसे आशीर्वाद लिया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम तराईमाल पंचायत के सरपंच सुश्री लक्ष्मी भगत, उप सरपंच पंचराम मालाकार, पितृमालाकार पूर्व बी डी सी धनेश राम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जेपीएल परिवार ने दी श्रद्धांजलि



**तमनार।** कर्मयोगी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी स्व. ओम प्रकाश जिंदल की 19 पुण्यतिथि 31 मार्च को उनके द्वारा समाज के विकास में किए गए पुनीत कार्यों को स्मरण करते हुए जिंदल परिवार, जेपीएल तमनार ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें ओपी जिंदल हॉस्पिटल सावित्रीनगर, तमनार में अति कुपोषित 22 बच्चों एवं 06 टीबी मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण व पोषाहार वितरण, 05 कीर्तन मण्डलियों को वाद्ययंत्र वितरण, नेत्रहीन बाल विद्या मंदिर अमलीडाही में सद्भावना भेंट व भोजन व्यवस्था के साथ सावित्रीनगर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन कर स्व. ओम प्रकाश जिंदल को श्रद्धासुमन अर्पित की गई। सर्वप्रथम सावित्रीनगर आवासीय परिसर में पूजन, हवन अनुष्ठान कर उन्हें स्मरण करने के पश्चात जिंदल पावर लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में नव प्रतिस्थापित स्व.श्री जिंदल के प्रतिमा के समक्ष छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनारए संदीप सांगवान, उपाध्यक्ष, डीके भार्गव, कार्यकारी उपाध्यक्ष, आरडी कटरे, उपाध्यक्ष, अजित राय, सहायक उपाध्यक्ष, एके सिंह, सहायक उपाध्यक्ष, एनके सिंह सहायक उपाध्यक्ष, आरपी मिश्रा, सहायक उपाध्यक्ष, एसके गुप्ता, सहायक उपाध्यक्ष, ऋषिकेश शर्मा, महाप्रबंधक, सुदीप सिन्हा, महाप्रबंधक, आरण्पी पाण्डेय विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ प्रबंधकों के उपस्थिति में पुष्पार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जनहितैषी एवं विकास कार्यों को स्मरण किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए संदीप सांगवान ने कहा कि स्व. ओम प्रकाश जिंदल सामान्यतः एक सामान्य किसान होने के बावजूद अपने कठिन परिश्रम और कुछ कर गुजरने की चाह के बलबुते विकसित जिंदल समूह की स्थापना की।

## एबीबीएस कांग्रेस प्रत्याशी डा.मेनका ने कहा- राजनीति में भी योग्यता

# अब तक केवल सेवा की, अब जनता से प्रतिफल की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजनीति के क्षेत्र में किया जाने वाला संघर्ष बिल्कुल वैसा ही है, जैसा हीरा चमकाने के लिए एक जौहरी को करना पड़ता है । इस संघर्ष के साथ ही यह आवश्यक होता है कि मन में समर्पण एवं विशुद्ध सेवा की भावना रखते हुए ही, समता के मौलिक अधिकार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा जाए ।

जब भी राजनीति में एक व्यक्ति की कीमत, मात्र एक वोट के आधार पर तय होने लगती है तो राजनीति पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित हो जाती है । सामाजिक सरोकार के अपने मूल उद्देश्य से हटते ही राजनीति, मात्र वोट बटोरने का एक साधन बनकर रह जाती है और विभाजन एवं विद्वेष करने लगती है । ऐसे में ये सेवा करने का माध्यम न रहकर, सत्ता पाने का अवसर मात्र रह जाती है. सत्ता पाने का अवसर बनते ही राजनीति, समान रूप में सभी नागरिकों को लाभ नहीं दे पाती है और इसके दुष्प्रभाव, समाज और राष्ट्र के हितों पर पड़ने लगते हैं। यही वजह है कि एक स्थापित राजपरिवार व बडे.राजनैतिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद मैंने बगैर किसी स्वार्थ व कामना के जनसेवा का काम करती आ रही हूं । अब पार्टी ने सेवा का अवसर दिया है तो जनता के बीच उसी काम का प्रतिफल तलाशने की कोशिश करुंगी। उक्त वक्तव्य रायगढ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती डा. मेनका सिंह ने रविवार शाम रायगढ के कांग्रेस भवन में एक प्रेस वार्ता में व्यक्त किये। मीडिया के समक्ष मेनका देवी ने कांग्रेस की पांच महत्वपूर्ण गारंटी योजना , भूपेश सरकार के लोकहितैषी काम व बीते दस साल की मोदी सरकार की वादा खिलाफी , मंहगाई , तथा वर्तमान राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर जनता के बीच जाने की बात कही।



मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए आरक्षित सीट से लोकसभा उम्मीदवार व एमबीबीएस डाक्टर श्रीमती मेनका सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि राजनीति के क्षेत्र में भी योग्यता क्रांति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से योग्यता के कारण भी देश की संसद में रायगढ की उपेक्षा हुई है और अब तक यहां की जनता से सुहानोभूति के बूते दिल्ली मे प्रतिनिधित्व करने वालों ने कभी संसद में पूरा समय तक नहीं दिया। कांग्रेस प्रत्याशी ने उदाहरण देकर बताया कि किस तरह बीजेपी मे केवल योग्यता के कारण बडे.अनुभवी नेताओं को हटाकर पूर्व आईएएस को बडे.मंत्री बनाया गया है। मेनका सिंह ने कहा कि आदिवासी वर्ग में भी शिक्षित , सक्षम व योग्य लोगों की संख्या बढ़ी है किंतु बेहतर नेतृत्व नहीं होने के कारण न केवल रायगढ के आम मतदाता बल्कि आदिवासी युवाओं व महिलाओं के जीवन मे आपेक्षिक प्रगति नहीं हो सकी है।

## बिजली उत्पादन में एनटीपीसी लारा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**रायगढ़।** वित्त वर्ष 2023-2024 में सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एनटीपीसी लारा स्टेशन द्वारा अबतक का सर्वश्रेष्ठ बिजली उत्पादन किया गया है। 30 मार्च 2024 तक लारा स्टेशन द्वारा 83.58 प्रतिशत प्लांट लोड के साथ 11713 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पदन किया गया है, जो की अबतक का वार्षिक सर्वश्रेष्ठ उत्पादन है। पिछले साल वित्तवर्ष 2022.23 में एनटीपीसी लारा द्वारा 83.37 प्रतिशत प्लांट लोड के साथ 11685 मिलीओन यूनिट बिजली उत्पादन किया गया था। इस उपलब्धि के लिए परियोजना प्रमुख श्री अखिलेश सिंह ने धन्यवाद देते हुए बताया है की यह उपलब्धि सभी कर्मचारीयों की कठिन परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से ही हासिल हुआ है। लारा जैसी नई परियोजना के लिए यह उपलब्धि उत्साहप्रद हैए आनेवाले दिनों में एनटीपीसी लारा परियोजना ऐसी कई नई ऊंचाइयों हो छूएँगी। ज्ञात हो एनटीपीसी लारा परियोजना से उत्पादित बिजली का आधा हिस्सा सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य को ही सप्लाइ की जाती है एवं बाकी बिजली मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन एवं दीवए दादरा एवं नगर हवेली है। बिजली उत्पादन के अतिरिक्त नैगम सामाजिक दायित्व के कार्यो में भी एनटीपीसी लारा द्वारा सामुदायिक विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आधारभूत सारंचना का विकास के अंतर्गत अनेक कार्य किया जा रहा है।



**83.58 % प्लांट लोड के साथ 11713 मिली यूनिट बिजली का**

31 March -Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg2_Layout 1 3/31/2024 7:50 PM Page 1





# नायक 2 को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई**। साल 2001 में अभिनेता अनिल कपूर के फिल्मी करियर की एक बेहद शानदार मूवी आई, जिसका नाम नायक-द रियल हीरो था। पॉलिटिकल ड्रामा इस मूवी ने अपनी लाजवाब कहानी से फैंस के दिल बखूबी जीत लिया और नायक सुपरहिट साबित हुई। इस मूवी का निर्देशन साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर एस शंकर ने किया था। ऐसे में अब शंकर ने दो अनिल कपूर से खास मुलाकात की है। इन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं और अब प्रशंसकों के बीच ये चर्चा काफी तेज हो गई है कि जल्द ही नायक 2 को लेकर कोई न कोई अपडेट आने वाला है।

लाइफ Style

# ऋचा



एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपकमिंग पीरियड ड्रामा 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को लेकर खुलासा किया है कि कैसे फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने सीरीज में वास्तिवकता की झलक पेश करने के लिए वेशभूषा पर काम किया। उन्होंने असली पुराने आभूषणों और कपड़ों का इस्तेमाल किया।

## हीरामंडी में हुआ पुराने कपड़ों का यूज

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा ने कहा कि भंसाली अपनी दुनिया के प्रति बेहद सचेत हैं। ऋचा ने कहा, यह उनका दृष्टिकोण है। वह भव्यता, कविता, संगीत, पोशाक और आभूषण चाहते हैं। हमने जो आभूषण पहने हैं वे सभी असली हैं। भले ही यह तीन-चार किलोग्राम के आभूषण हों, यह सभी असली, सभी पुराने आभूषण हैं। इसमें कॉस्ट्यूम के तौर पर पुराने कपड़ों का उपयोग किया गया है। 'लज्जो' की भूमिका के लिए की गई तैयारियों के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, उर्दू सीखने के लिए काफी क्लासेज लेनी पड़ी।

जब मैं बच्ची थीं तो मैंने एक दशक तक कथक सीखा था, इसलिए मुझे उसमें निखार लाना था। मैंने वॉयस मॉड्यूलेशन किया। एक्ट्रेस ने कहा, 1930, 1940 और 1950 के दशक में महिलाएं कैसे बात करती थीं, मैंने उस तरीकों को अपनी बोलचाल में लाने की कोशिश की। उस बातचीत में एक अलग लय थी। सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' का प्रीमियर जल्द ही नेटफ्लिक्स पर होगा। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से संजय लीला भंसाली ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे है।




# मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी क्रिस्टन

**लॉस एंजेलिस**। बेला स्वान उर्फ क्रिस्टन स्टीवर्ट मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी। वह सिर्फ एक शर्त पर एमसीयू की फिल्मों में नजर आएंगी। मार्वल फिल्मों में काम करने को लेकर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा, मैं शायद कभी मार्वल फिल्म नहीं करूंगी। यह वाकई एक बुरे सपने जैसा लगता है। आपके पास एक व्यक्ति पर इतना पैसा और इतना भरोसा होना चाहिए और ऐसा नहीं होता है। यह एक अजीब अनुभव है, जहां आप इसके बारे में बिल्कुल भी व्यक्तिगत महसूस नहीं कर सकते। तो इस वजह से नहीं। हालांकि, क्रिस्टन ने आगे कहा कि अगर वह कभी मार्वल के तहत कोई प्रोजेक्ट साइन करेंगी तो एक शर्त होगी। शर्त ये होगी कि ग्रेटा गेरविग (बार्बी फिल्म की डायरेक्टर) इसकी डायरेक्टर हो। वह कहती हैं, लेकिन शायद दुनिया बदल जाएगी, मैं यही कह रही हूं। मैं आपको कैसे मना कर सकती हूं, जब शायद एक दिन अगर ग्रेटा गेरविग मुझसे मार्वल फिल्म करने के लिए कहेंगी, तो मैं वह करूंगी। मालूम हो कि ग्रेटा पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'बार्बी' के लिए एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनेटेड राइटर-डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लेडी बर्ड' और 'लिटिल वुमेन' जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। क्रिस्टन की भारत में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। 'ट्वाइलाइट' मूवी सीरीज से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।




# साल की तीसरी बड़ी ओपनर बनी क्रू

**मुंबई**। तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म के पहले टीजर और फिर ट्रेलर के बाद तो इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया था। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'क्रू' को काफी अच्छे रिव्यू मिले हैं। दर्शक महिला प्रधान फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे बेहद एंटरटेनिंग फिल्म बता रहे हैं। इस वर्ष अब तक प्रदर्शित हुई फिल्मों में क्रू 3री ऐसी फिल्म रही, जिसने डबल डिजिट में ओपनिंग की है। इससे पहले प्रदर्शित हुई फाइटर और शैतान दो ऐसी फिल्में रही हैं। फाइटर ने पहले दिन 25 करोड़ और शैतान ने 14 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। अब क्रू ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10.28 करोड़ का कारोबार किया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें कोई बड़ा नायक नहीं है।



# 'श्रीकांत आ रहा...10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई** । एक्टर राजकुमार राव जल्द ही उद्योगपति श्रीकांत बोला की वास्तविक जीवन की कहानी पेश करेंगे। 'श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' नाम की फिल्म अक्षय तृतीया के अवसर पर 10 मई को रिलीज होगी। 'सांड की आंख' के तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर भी हैं। यह फिल्म दर्शकों को एक उद्योगपति श्रीकांत बोला की रोमांचक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाती है, जिन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पूरा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। श्रीकांत जन्म से दृष्टिबाधित थे और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर था। 2012 में, उन्होंने रतन टाटा से फंडिंग लेकर बोलैंट इंडस्ट्रीज की शुरुआत की। यह इको फ्रेंडली पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है और कई दिव्यागों को रोजगार प्रदान करती है।



# तमन्ना ने किया फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन

**मुंबई**। तमन्ना भाटिया ने शनिवार को अपनी अपकमिंग तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन करते हुए अपने नए फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें ग्रीन कलर के एथनिक आउटफिट में देखा जा सकता है। पिछली बार एक्ट्रेस मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आईं थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें तमन्ना ने स्लीवलेस बॉटल ग्रीन कलर का ब्लाउज पहना हुआ है, उस पर गोल्डन एंब्रॉयडरी का वर्क है। उन्होंने इसे लॉन्ग स्लीव्स से मेल खाते अलग जॉर्जेट फैब्रिक, मैचिंग स्कर्ट और ग्लोडन दुपट्टे के साथ पेयर किया। बबली बाउंसर एक्ट्रेस ने मैट मेकअप लुक चुना। साथ ही अपने बालों का बन बनाया, और आउटफिट के साथ बड़े गोल्ड झुमके पहने। पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा कि ग्रीन फ्लैग एनर्जी, हैशटैग अरनमनई 4। सुंदर सी द्वारा निर्देशित अरनमनई 4 में तमन्ना, राशी खन्ना, संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला और अन्य कलाकार हैं। अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा निर्मित यह फिल्म अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच, तमन्ना के पास पाइपलाइन में 'वेदा' और ओडेला 2 भी हैं।

# मायरा 'पू' से बनी 'पार्वती

## लुक को लेकर किया खुलासा



**मुंबई** । टीवी शो 'भाग्य लक्ष्मी' में सात साल का लीप आया है, जिससे एक्ट्रेस मायरा मिश्रा काफी खुश हैं। उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। इस नए लुक में वह साड़ी, बिंदी और बालों का जूड़ा बनाकर तैयार होती हुई नजर आएंगी। मायरा ने कहा, जब से मैं शो में शामिल हुई हूं, तब से मैं मॉडर्न और डिजाइनर आउटफिट पहन रही हूं। इसलिए मुझे खुशी है कि इस लीप के साथ, मुझे अब एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए यह पू बनी पार्वती जैसा है। एक्ट्रेस ने कहा, साड़ी पहनना मलिष्का के लिए अहम बदलाव है, जैसे- पू बनी पार्वती। मुझे हमेशा लगता है कि साड़ी लुक बेहद खूबसूरत और आकर्षक है। और आम तौर पर, हमें इसे रोजाना पहनने का मौका नहीं मिलता है, लेकिन मेरे लुक में बदलाव के साथ, मुझे इसका एक्सपीरियंस भी होगा। मायरा ने अपनी क्रिएटिविटी टीम को श्रेय देते बुए कहा कि टीम के लोग बेहद मददगार हैं। उनकी मदद से, हमने कई शानदार लुक डिजाइन किए हैं, जिन्हें मैं दर्शकों द्वारा स्क्रीन पर देखने का इंतजार नहीं कर सकती।



# थोड़ा देसी लड़के से डेट करना चाहती हैं कृति

**मुंबई**। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म 'क्रू' के लिए काफी सरहाना मिल रही है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें भारतीय लड़के क्यों पसंद हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें एक ऐसे लड़के की जरूरत है, जो थोड़ा देसी हो। एक्ट्रेस ने कहा, अभी तक मैं किसी गोरे व्यक्ति की ओर आकर्षित नहीं हुई हूं, लेकिन मुझे कैनेडियन एक्टर रयान गोसलिंग बहुत आकर्षक लगते हैं। आप हॉट हो सकते हैं लेकिन मैं किसी ऐसे व्यक्ति के प्यार में नहीं पड़ी हूं, जो भारतीय नहीं है। मैं ऐसे लड़के को डेट करना पसंद करूंगी जो थोड़ा देसी हो। उन्होंने आगे कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं बहुत देसी हूं, मुझे चाहिए कि पार्टनर कम से कम हिंदी समझे। मेरे मुंह से हिंदी निकलने वाली है, मैं हमेशा इंग्लिश में बात नहीं कर सकती। मैं इंग्लिश गानों पर ज्यादा देर तक डांस नहीं कर सकती, मैं हिंदी गाने और पंजाबी गाने प्ले करना पसंद करती हूं।

## राजकपूर के लिए लकी साबित हुईं, बचाया था डूबता करियर

# डेब्यू फिल्म के लिए डिंपल ने दो बार दिया था स्क्रीन टेस्ट

**मुंबई**। एक तरफ 70 के दशक की कई ऐसी एक्ट्रेसेज रही हैं, जो अब एक्टिंग की दुनिया से नाता तोड़ चुकी हैं। लेकिन दूसरी तरफ डिंपल कपाड़िया वो अदाकारा हैं, जो आज भी हिंदी सिनेमा में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। कमाल की अदाकारी, झील जैसी आंखों और दमदार आवाज की धनी डिंपल अपने समय की सफल अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं।



### पहली बार हुई थीं रिजेक्ट

उन्होंने बेटे ऋषि कपूर को लॉन्च करने के लिए फिल्म बॉबी के बनाने का विचार किया और वह इसके लिए अदाकारा की तलाश करने लगे। बताया जाता है कि राज कपूर ने एक्ट्रेस के लिए अखबार में विज्ञापन भी निकलवाए थे, जिसे पढ़कर डिंपल कपाड़िया बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट देने गईं, लेकिन पहली बार में राज कपूर को उनका टेस्ट अच्छा नहीं लगा और डिंपल का रिजेक्ट कर दिया गया। उन्हें ऐसा लगा कि किरदार के हिसाब से डिंपल ऋषि से उम्रदाज दिखीं।

### पिता की वजह से मिला दूसरा मौका

पहली बार बॉबी मूवी के लिए स्क्रीन टेस्ट में विफल होने के बाद डिंपल कपाड़िया को दूसरा मौका उनके पिता की वजह से मिला। दरअसल एक्ट्रेस के पिता के एक मित्र राज कपूर के भी दोस्त थे। ऐसे में जब दूसरी बार डिंपल ने बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया तो इस बार वह डायरेक्टर को पसंद आईं और इसके साथ ही वह बॉबी के लिए सेलेक्ट हुईं।

### राज कपूर का बचाया करियर



जब सिनेमाघरों में फिल्म बॉबी रिलीज हुई तो इसने सफलता के सारे रिकॉर्ड धरायशी कर दिए। बताया जाता है कि ये मूवी कुछ शहरों के सिनेमाघरों में 6 महीनों तक हाउसफुल रही थी। इतना ही नहीं 1973 की टॉप फिल्मों में बॉबी शुमार हुई। इस फिल्म में अपनी कमाल की एक्टिंग से डिंपल कपाड़िया ने हर किसी का दिल जीता। बॉबी की सक्सेस से राज कपूर का डूबता हुआ करियर बच सका।

### 1973 में रखा बॉलीवुड में कदम


डिंपल कपाड़िया के बॉलीवुड डेब्यू की कहानी काफी रोचक है। पहली फिल्म के लिए उन्हें एक नहीं बल्कि दो बार स्क्रीन टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। डिंपल कपाड़िया ने साल 1973 में फिल्म बॉबी के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इस मूवी में उनके को-स्टार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर थे, जबकि फिल्म के निर्देशन की कमान उनके पिता और बॉलीवुड के शो मैन के नाम से मशहूर राज कपूर थे। लेकिन मेरा नाम जोकर के बुरे तरह असफल होने से राज कपूर की साख पूरी तरह से दांव पर लगी थी।

31-MARCH-Jash-RAGH-CORIY-SARGUJA-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/31/2024 7:48 PM Page 1



## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्टर संडे पर क्यों एक दूसरे को गिफ्ट में दिए जाते हैं अंडे



ईस्टर संडे ईसाई धर्म मानने वालों का एक खास त्योहार होता है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान यानी प्रभु यीशु के पुनर्जन्म का प्रतीक है। यह ईसाई कैलेंडर के अनुसार साल का पहला रविवार होता है जो वसंत के बाद पड़ने वाले पहले पूर्णिमा के बाद आता है। 2024 में ईस्टर संडे 31 मार्च रविवार को होगा। क्या आप जानते हैं कि ईस्टर के त्योहार में अंडे का क्या महत्व होता है? आइए जानते हैं...

#### ईस्टर संडे का महत्व

ईसाईयों का मानना है कि यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद, वे मृतकों में से जी उठे थे। ईस्टर संडे यीशु मसीह के पुनर्जन्म और मृत्यु पर विजय पाने का जश्न मनाने का दिन है। साथ ही इस दिन ईसाई धर्म में अंडे को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि ईस्टर के दिन लोग गिफ्ट के तौर पर अंडे दिया करते हैं और खास तरह से सजाते हैं। अंडे को रंग-बिरंगे रंगों से रंगकर कलाकृतियां की जाती है। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे पर एक-दूसरे को अंडे, चॉकलेट, बन्नी, मिठाइयां, फूल, कपड़े जैसे उपहार देते हैं। वहीं, ईस्टर में प्रभु यीशु का पुनर्जन्म इस बात का भी संदेश देता है कि, सत्य कभी मरता नहीं है।

#### ईस्टर संडे कैसे मनाया जाता है

ईसाईयों के लिए ईस्टर संडे एक खास धार्मिक त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन, वे चर्च जाते हैं, प्रार्थना करते हैं और यीशु मसीह के पुनर्जन्म का जश्न मनाते हैं। ईस्टर संडे, गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाया जाता है। बाइबल और ईसाई धर्म के मुताबिक, गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। तीन दिन बाद, ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह दोबारा जीवित हो गए थे। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे को ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाते हैं। इसका जश्न पूरे 40-50 दिनों तक चलता है। ईस्टर संडे पर चर्च और घरों को मोमबत्तियों से सजाया जाता है। कुछ जगहों पर, अंडा रोलिंग नाम की परंपरा भी है। इसमें बच्चे सजे हुए अंडे को पहाड़ी से नीचे लुढ़काते हैं। अंडा रोलिंग, यीशु की कब्र से पत्थर लुढ़कने का प्रतीक माना जाता है।

### चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

# अब एआई टूल बताएगा, कहीं आपमें हृदय रोगों से मौत का खतरा तो नहीं?

हृदय रोग और इसके कारण होने वाली मौतों का जोखिम पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। इसके अलावा कोरोना महामारी ने इसकी दिक्कतों को और भी बढ़ा दिया है। इसलिए जरूरी है सभी लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी रहे हैं।हृदय रोगों के जोखिम को कैसे कम किया जाए, समय पर इसकी पहचान कैसे की जाए इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम लगातार शोध कर रही है। इस दिशा में ब्रिटिश शोधकर्ताओं को बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण विकसित किया है, दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से किसी व्यक्ति में वेंट्रीकुलर एरिथमिया (वीए) का आसानी से पता लगाया जा सकता है।वेंट्रीकुलर एरिथमिया, हृदय गति से संबंधित गंभीर समस्या मानी जाती है जो निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) से उत्पन्न होती है। इसका समय पर निदान-उपचार न हो पाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



#### अध्ययन में क्या पता चला

यूरोपियन हार्ट जर्नल में इसके प्रकाशित शोधपत्र के अनुसार वैज्ञानिकों ने 270 वयस्कों के ईसीजी की जांच करके उनमें हृदय की स्थितियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की। लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर अतालता का अनुभव किया था। एआई टूल का उपयोग हृदय ताल की जांच करने के लिए किया गया था ताकि प्रतिभागियों में ये पता लगाया जा सके कि कहीं इससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा तो नहीं है? वैज्ञानिकों ने कहा ये टूल सटीक तरीके से समस्या के निदान में सहायक हो सकता है। हर पांच में से चार मामलों में, एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, इससे ये पता लगाना भी आसान हो सकता है कि किस मरीज में वेंट्रीकुलर एरिथमिया और इसके कारण गंभीर जोखिमों का खतरा हो सकता है?

#### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर आंद्रे एनजी कहते हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि इस उपकरण से ये जान सकते हैं कि किस व्यक्ति में जोखिम अधिक है। हम न सिर्फ इससे हृदय गति में समस्या के बारे में पता कर सकते हैं साथ ही इससे यह पता करने में भी मदद मिलती है कि किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार की जरूरत हो सकती है।

#### एआई टूल से वेंट्रीकुलर एरिथमिया का चल सकेगा पता

वेंट्रीकुलर एरिथमिया में दिल के तेजी से धड़कने और तेजी से रक्तचाप कम-ज्यादा होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं, जिसका अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो इसके कारण कई लोगों में चेतना की हानि और अचानक मृत्यु का भी खतरा हो सकता है। इसको रोकने और समय रहते समस्या के निदान और उपचार के लिए वैज्ञानिकों ने **VA-ResNet**-50 नामक **AI** टूल विकसित किया है। इसकी मदद से हृदय गति की समस्या का समय पर निदान करने और अगर कोई दिक्कत है तो उसका उपचार करने में मदद मिल सकती है। वेंट्रीकुलर एरिथमिया की स्थिति हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों का भी कारण बन सकती है।



#### गंभीर हृदय समस्याओं का चल सकेगा पता

शोधकर्ता कहते हैं, मरीजों के इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में एआई का उपयोग करते हुए हम उनमें हृदय रोग की गंभीर समस्याओं के जोखिम को निर्धारित कर सकते हैं। उचित उपचार प्राप्त होने से रोगी का जीवन बचाना आसान हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य के संबंध में ये आवश्यक हो जाता है कि समय पर रोगी की स्थिति का निदान और उपचार हो सके। ज्यादातर स्थितियों में अगर समय पर रोगी को उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।



# बिना इम्तिहान दिए आपको मिल सकती है सरकारी नौकरी

खेल कोटा के तहत भी बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। साथ ही, यहां कुछ वेबसाइट के बारे में बताया गया है, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी ढूंढना एक मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सरकारी नौकरी ढूंढने के लिए आप कई स्तरों पर परीक्षाएं देते हैं, जैसे कि प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू । इतनी तैयारी के बावजूद भी सरकारी नौकरी के लिए छात्रों को कई अटेम्प्ट देने पड़ते हैं। ये परीक्षाएं छात्रों के लिए काफी कठिन भी साबित होती हैं, पर क्या आप जानते हैं कि बिना एग्जाम दिए भी सरकारी नौकरी हासिल की जा सकती है। यहां कुछ जगहें दी गई हैं, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है।

#### बिना परीक्षा दिए सरकारी नौकरी पाने के लिए ये तरीके अपनाए जा सकते हैं

My Gov Jobs की वेबसाइट सबसे पहले Mygov Jobs सर्च करें और Work at MyGov पर क्लिक करें। यहां भारत सरकार की तरफ से जारी की गई मैनेजर से लेकर सहायक तक के पद की एक सूची मिलेगी। इसकी मदद से आप अपने योग्य वैकेंसी चुन सकते हैं। भारतीय अदालतों में टाइपिस्ट के पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लिखित परीक्षा नहीं देनी होती, लेकिन टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू देना होता है।



यूपीएससी में नौकरियों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इन भर्तियों के लिए भी किसी तरह की कोई लिखित परीक्षा नहीं होती। जैसे, असिस्टेंट डायरेक्टर, साइंटिस्ट-बी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्रेड-I, साइंटिस्ट-बी, स्पेशलिस्ट ग्रेड-III,साइंटिस्ट बी, इंजीनियर एंड शिप सर्वेयर कम डिप्टी डायरेक्टर जनरल और स्पेशलिस्ट ग्रेड-III आईटीआई अप्रेंटिस की वैकेंसी में भी बिना लिखित परीक्षा के नौकरी पाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें ट्रेनी के तौर पर ज्वाइनिंग कराई जाती है।



#### नीति आयोग की वेबसाइट

इसके साथ ही नीति आयोग की वेबसाइट पर वैकेंसी की कैटेगरी में आपको ऐसी कई पदें मिल जाएंगी, जिनमें आप अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। नीति आयोग में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने के लिए, उम्मीदवारों को नीति आयोग की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई करना होता है। नीति आयोग की जरूरतों के मुताबिक, उम्मीदवारों की प्रोफाइल की प्रारंभिक स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग के बाद, आगे की चयन प्रक्रिया के लिए कुछ उम्मीदवारों को बुलाया जाता है। नीति आयोग, नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्टेज पर किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने के लिए स्वतंत्र है। अगर कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है या गलत जानकारी, प्रमाण-पत्र या दस्तावेज पेश करता है ।

#### BECIL की ऑफिशियल वेबसाइट

BECIL की ऑफिसियल वेबसाइट पर सरकारी विभागों जैसे कि एम्स, मिनिस्ट्री और आईआईएम में अप्लाई करने के लिए वैकेंसी मिल जाएंगी। ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। BECIL साल भर कई पदों के लिए उम्मीदवारों की भर्ती करती है। BECIL में नौकरी पाने के लिए, इन स्टेप्स का पालन करें

BECIL की आधिकारिक वेबसाइट becil.com पर जाएं।करियर पेज पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर क्लिक करें। आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। फॉर्म भरें, शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें। भविष्य के लिए फॉर्म का प्रिंट आउट ले लें।



## खबर संक्षेप

### 5 जुआरियों के कब्जे से जब्त किए 2 लाख

**जांजगीर-चांपा।** बावन परी का दाव लगाते 5 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 2 लाख 14 हजार बरामद किए गए है। मामला अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम मुरलीडीह का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना मुलमला के ग्राम मुरलीडीह आम जगह में काट पत्ती नामक जुआ खेलने की जानकारी मुखबिर के माध्यम से मिली। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां संजीत रात्रे पिता संतोष रात्रे उम्र 24 साल, भुवन भास्कर रात्रे पिता तुलाराम रात्रे उम्र 31 साल, उमेंद कुमार यादव पिता स्व मकुंदा यादव उम्र 39 साल निवासी मुरलीडीह थाना मुलमला, गोपाल यादव पिता महाबीर यादव उम्र 30 साल व अनिल कश्यप पिता मोहितराम कश्यप उम्र 20 निवासी को काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा। जिनके पास एंव फड से 14300 रूपये नगदी एंव 52 पत्ती तास, बोरा व 4 मोटर सायकल सहित 2 लाख 14 हजार 300 रूपये गवाहों के समक्ष जब्त किया।

### विश्व शांति के लिए पोता में रुद्र महायज्ञ 6 से

**पोता।** मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोता में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष विश्व शांति हेतु श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन शनिवार 6 अप्रैल से होगा। यज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। यज्ञ प्रारंभ एवं मूर्ति स्थापना शनिवार 6 अप्रैल को होगा। जल यात्रा सोमवार 8 अप्रैल को निकाली जाएगी। वेदी पूजन मंगलवार 9 अप्रैल, अग्नि प्रावेश बुधवार 10 अप्रैल तथा पूर्णाहूति एवं सहस्त्रधारा चढ़ोत्री बुधवार 17 अप्रैल को होगा। आचार्य पं. गोपेश्वर दुबे, सह आचार्य पं. कांति कुमार तिवारी, पं. कृष्णकांत दुबे होंगे। वहीं यजमान के रुप में साहेबलाल गबेल शामिल होंगे। इस अवसर पर खेल तमाशा, सिनेमा, सकर्स, झूला सहित विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में राजेन्द्र गबेल, कृष्ण कुमार गबेल, साहेबलाल गबेल, अरुण गबेल, यशवंत गबेल, जगदीश गबेल, नरेन्द्र गबेल, तिरथ गबेल, संजय गबेल, डी.एल. यादव, कनीराम गबेल, मनबोध गबेल, नवल गबेल, विवेक गबेल, अमित गबेल, नितिन गबेल, अरविंद गबेल, इंद्र गबेल, हरि गबेल, श्रवण गबेल, पारसदीप गबेल, विशाल गबेल, अभय गबेल, धनंजय गबेल, अविनाश गबेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए है।

### लायंस क्लब व आरकेएच का चिकित्सा शिविर 4 को

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी गुरूवार 4 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लांयस स्कूल चांपा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन तथा सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि उक्त शिविर में हृदय रोग एवं पेट रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहकर आने वाले रोगियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। शिविर का लाभ उठाने के लिए अग्रिम पंजीयन के लिए अमित लहरे के मोबाईल क्रं. 8718981665 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में निःशुक्ल ईसीजी, बीपी एवं ब्लड शुगर जांच की सुविधा तथा संबंधित चिकित्सक परामर्श के लिए मौजूद रहेंगे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने सचिवों की बैठक 5 अप्रैल को

**सक्ती।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सचिवों की बैठक 5 अप्रैल को रखी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती श्रीमती प्रीति पवार से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशनुसार स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कम मतदान वाले ग्राम पंचायतों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए 5 अप्रैल को ग्राम पंचायत के सचिवों की बैठक जनपद पंचायत सक्ती सभाकक्ष में चर्चा और सुझाव के आदान प्रदान के लिए आयोजित की जाएगी।

## विभिन्न आनलाइन माध्यम से मतदाताओं को मिलेगी सुविधाएं

# एक सप्ताह के भीतर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने व सुधार करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के छूटे मतदाताओं और अन्य मतदाताओं से अपील किया है कि वे आगामी एक सप्ताह में अपना वोटर आईडी बना ले और यदि वोटर आईडी में कोई गलती है तो उसका सुधार करा ले। इस कार्य के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और अपने नजदीकी बीएलओ या तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह कार्य एक सप्ताह के बाद कर पाना मुश्किल है क्योंकि ससंदीय क्षेत्र रायगढ़ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए एवं जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल शुक्रवार को होगा।

उल्लेखनीय है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल शुक्रवार, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल शनिवार, नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल सोमवार, मतदान की तिथि 07 मई मंगलवार, मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून मंगलवार है। इसी प्रकार अब भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड 19 के संदिग्ध अथवा मतदाता भी निर्धारित प्रारूप 12 के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अंदर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से उनके निवास गृह पर ही वोटिंग कर सकेंगे। उपरोक्त श्रेणी के अतिरिक्त सेवा मतदाताओं को इटीपीबी भेजा जाएगा जिस पर वे अपना मत रिकॉर्ड कर इसे डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं को भी डाक मतपत्र के माध्यम से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विहित सुविधा केन्द्र में मतदान की पात्रता रहेगी। जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई समाचार पत्र, बल्क एसएमएम एवॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

### दिव्यांगों के लिए सक्षम एप

सक्षम एप्प से दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा यह एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से दिव्यांगजन निर्वाचक नामावली में अपनी दिव्यांगता दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकेंगे। साथ ही मतदान दिवस में व्हीलचेयर हेतु आवेदन कर सकेंगे।




### मिलेगी अभ्यर्थियों की जानकारी

केवायसी एप के माध्यम से निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारियां प्राप्त हो सकेगी। यदि अभ्यर्थी का कोई अपराधिक पूर्ववृत है, तो इसकी जानकारी भी इस एप में उपलब्ध होगी। ईएसएमएस एप्लीकेशन के माध्यम से जिले के स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दल सभी प्रकार की जब्ती की कार्रवाई कर सकेंगे।

### वोटर हेल्प लाइन का ले सकते हैं लाभ

वोटर हेल्पलाईन और वोटर सर्विस पोर्टल, मोबाईल ऐप की सहायता से कोई भी नागरिक, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, पंजीकरण, संशोधन अथवा विलोपन के लिए फॉर्म जमा करने, मतदान केन्द्र एवं बीएलओ के बारे में जानकारी प्राप्त करने, मतगणना के परिणाम जानने, शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। वोटर सर्विस पोर्टल वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन में भी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने, विलोपन अथवा संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं।

### सी विजिल से मिलेगी सुविधा

भारत निर्वाचन आयोग ईसीआई के आधुनिक सॉफ्टवेयर और तकनीक के बारे में बताया कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों के सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतें के त्वरित निराकरण के लिए आयोग द्वारा निर्मित सी विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियों के साथ.साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक जिले में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है, तो सी.विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है।



## जिंदल विद्यालय तराईमाल में दीक्षांत समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में 30 मार्च, शनिवार को छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह की खुशी और आनंद बच्चों के चेहरे पर ही नहीं उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी नजर आ रही थी।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एसएस राठी एवं विशिष्ट अतिथि ओपी जिंदल विद्यालय समूह के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले ने संयुक्त रूप से पवित्र दीप प्रज्वलन और विद्या की देवी माँ सरस्वती के आहाव्न के साथ किया गया। समारोह को अकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इसे देख बच्चें एवं उपस्थित अभिभावक आनंदित हो रहे थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियो ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और प्राचार्या की ओर से शत-प्रतिशत उपस्थिति, शैक्षिक, सभी क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन, सभी विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। विशिष्ट अतिथि में छात्र-छात्राओं का प्रेरक मार्गदर्शन करते हुए लक्ष्य के प्रति दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से बुद्धि का विकास होता है, जबकि दीक्षा से चेतना का विकास होता है। प्राचार्य ने कहा कि दीक्षांत का उद्देश्य ब्रहा्रचर्य, अनुशासन, जिज्ञासा, श्रद्धा, अपनी बुद्धि व ज्ञान को सकारात्मक दिशा में लगाना होता है।

## गहरी नींद में सोता रहा परिवार अपचारी बालक ने चुराए 96 हजार

**रायगढ़।** तीन दिन पहले खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी महिला के घर में मध्य रात्रि को किसी अज्ञात चोर ने अलमारी में रखे 96 हजार रूपयों पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है, वहीं उसे बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया है। ज्ञात हो बीते दिनों समारीन उरांव उम्र 43 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि गांव के 2 व्यक्तियों को पूर्व में 1.60 लाख रूपए उधार में दी थी, जिसे उन्होंने लौटाया था। इस रकम में से करीब



96 हजार 250 रूपए शेष बचे थे, जो आलमारी में रखे थे। 28 मार्च की रात वे सभी खाना खाकर सभी सो गए थे। 29 मार्च को सुबह उन्होंने देखा तो आलमारी का दरवाजा खुला था और अलमारी के अंदर लेडिस पर्स में रखे 96 हजार 250 रुपए नहीं थे, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद कर विवेचना में प्रारंभ की गई। पतासाजी के क्रम में प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाले संदेही बालक को तलब कर पूछताछ की गई। उक्त संदेही बालक एक साल पहले भी चोरी के अपराध में शामिल था। बालक पहले इस चोरी से इंकार किया, किंतु बाद में उसने अलमारी से रुपए चोरी करना स्वीकार किया। जिससे चोरी की पूरी रकम 96,250 बरामद कर जब्त किया गया है।

### रामायण की चौपाई देती है कुछ न कुछ सीख

**सक्ती।** ग्राम सकरेली कलां में विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष 18 वां नवधा रामायण का आयोजन 29 मार्च को प्रारंभ हो गया है। अखंड नवधा रामायण का यह आयोजन 7 अप्रैल तक निरंतर चलेगा। 8 अप्रैल को मानस गान प्रतियोगिता आयोजित है, जिसमें चुनी हुई मानस मंडलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि रोशन लाल पटेल सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने कहा राम चरित मानस की कथा आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। राम का चरित्र त्याग का है, मानस की हरेक चौपाई कुछ न कुछ शिक्षा देती है, जो हमारे लिए आज भी अनुकरणीय है। शुभारंभ के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विद्या सिदार जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती सुशीला नूतन गबेल, गजालाल साहू, सुरीती जायसवाल सरपंच जुड़गा, मनोहर लाल पटेल, डमरूधर पटेल सहित ग्राम की मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन की सफलता के लिए यशवंत साहू, सरपंच डमरूधर साहू, रामानुज साहू, लोकनाथ पटेल, रामप्रसाद पटेल, मिलन श्रीवास सहित ग्राम के सभी नागरिक जुटे हुए हैं।

## तारापुर के नेहरू युवा केन्द्र के संयोजन में विविध प्रतियोगिताएं

**रायगढ़।** जब से निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तारीखों का ऐलान किया गया है तब से देशभर में शासन प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु गांव, कस्बों और शहरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र रायगढ़ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तारापुर इकाई द्वारा मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व को समझाने के उद्देश्य से जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे के निर्देशन में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक रायगढ़ भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच हुआ। जिसमें संस्था के



अधिकाधिक युवा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया इसमें से उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया पटेल, द्वितीय ममता पटेल, तृतीय रोशनी बरेठ को प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी का कार्य सराहनीय है तथा रंगों का संयोजन एवं भाव की अभिव्यक्ति के माध्यम से आप लोगों ने विषय के अनुरूप चित्रांकन करते हुए अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। श्री श्रीवास्तव ने आयोजक नेहरू युवा केंद्र एवं समस्त विद्यालय परिवार को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे ने भी आयोजन के उद्देश्य एवं थीम को बताते हुए मतदाता जागरूकता के लिए युवाओं की भूमिका को अहम बताया तथा समस्त सहयोगियों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं एनएसएस के जिला संगठक भोजराम पटेल ने इस आयोजन के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद दी।

### गर्मी बढ़ते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू

**रायगढ़।** तापमान का पारा चढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति में समस्याएं शुरू हो गई हैं। दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है।जिससे लोगों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभागीय मरम्मत कार्य पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। शनिवार को आईटीआई स्थित सब स्टेशन में एक सीटी कंट्रोल ट्रांसफार्मर ब्रस्ट हो गया था। इसके कारण दो घंटे से अधिक समय तक लाइट बंद रही। गर्मी के कारण अचानक बंद हुई लाइट लोगों को काफी परेशान किया। दूसरी ओर सुबह से 4-5 बार पहले ही लाइट गुल हो चुकी थी। कुल मिलाकर गर्मी बढ़ते ही असर दिखना शुरु हो गया है। बीती रात से गर्मी काफी बढ़ गई है। वहीं रविवार को भी सुबह से ही गर्मी का एहसास होने लगा था। ऐसे में राहत के लिए पंखा ही एक सहारा है, लेकिन बार बार बिजली गुल के कारण यह भी नसीब नहीं हो रहा है। ऐसे हालात में गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं। अभी हर दिन किसी न किसी समय लाइट बंद होने लगी है। कई दिन तो दो से चार बार लाइट बंद हो जाती है।

## महा भंडारा के साथ भगवान शनिदेव का वार्षिकोत्सव



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बाजार रोड में भगवान शनिदेव का मंदिर पिछले कई वर्षो से स्थापित है जिसके स्थापना को लेकर प्रतिवर्ष समस्त नगर के साथ साथ आसपास ग्रामीणों के सम्यक सहयोग से इनका वार्षिकोत्सव को कई तरह के भव्यता के साथ मनाया जाता रहा है इसी कड़ी में बीते नगर के पुरोहितों एवं यजमानों द्वारा हवन के साथ विश्व कल्याण के लिए पूजा अर्चना की गई। इसके अंत में ब्राम्हण भोज व बाल भोज का आयोजन हुआ और सायं नगर के सभी श्रद्धालु जन आयोजित महाभंडारा में शामिल हो कर अन्न प्रसाद प्राप्त किए। जानकारी के मुताबिक पुसौर के कुल 15 वार्डो के लोगों ने जहां सामुहिक रूप से कार्यक्रम को आगे बढाने में सहयोग किया वहीं वे प्रसाद भी प्राप्त किये। आयोजित बाल भोज में शामिल सभी बच्चों को श्रीमती कुमारी बेहरा पति रघुनाथ बेहरा ने एक एक थाली और एक एक कटोरा भेंट किया है जो आज तक के इतिहास में इस तरह किसी ने भेंट नहीं किया था। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत में आए दिन इस तरह के आयोजन होते रहते हैं जिससे पुसौर को शिक्षा के हब के साथ साथ संस्कृति का हब भी माना जाने लगा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 19वीं पुण्यतिथि पर...

उन्हें नमन किया। फिर सभी अधिकारी.कर्मचारियों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिक्रमा की। इसके बाद परिसर स्थित मंदिर में श्रीमद्भगवत गीता का पाठ शुरू हुआ। यह पाठ देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान जेएसपी के सभी विभागों के प्रमुख तथा अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सीएसआर विभाग द्वारा भी पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आशा द होप में सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई। इसमें ईडी बंद्योपाध्याय, जिंदल लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती बंद्योपाध्याय, ईवीपी संजीव चौहान व अन्य वक्ताओं ने बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी उपस्थितों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए जीवन में प्रगति के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा शहर के पहाड़ मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम, सद्गुरू कृपा अपना घर, आशा प्रशामक गृहए, संचार वृद्धाश्रम डोंगाढकेल सहित कई अन्य स्थानों पर वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया एवं उनके भोजन की व्यवस्था की गयी। इसके अलावा सभी केंद्रों में आवश्यकतानुसार टीवी, वाटर कूलर, कूलर, बर्तन, फ्रिज, सूखा राशन सहित अन्य सामग्रियां भी उपलब्ध करायी गयीं। विशेष बच्चों के संस्थान उम्मीद, नीलांचल, बूढ़ीमाई सेवा समितिए, चक्रधर बाल सदन, डीकृएडिक्शन सेंटर समर्थ, नवजीवन, घरौंदा, आशियाना, मातृ निलयम आदि में भी भोजन की व्यवस्था के साथ ही उनकी जरूरत के अनुसार सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मां भगवती गौकृसेवा केंद्र में पशुधन उपचार शिविर लगाया गया एवं पशु आहार भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान जिंदल लेडिज क्लब की श्रीमती सुमन चौहान, श्रीमती प्रज्ञा जैन, श्रीमती स्वाति लाखे, श्रीमती रश्मि यादव, श्रीमती बिंदू सिंह, श्रीमती रजनी सिंह, श्रीमती नीलम पाराशर, श्रीमती लक्ष्मी चटर्जी, श्रीमती दीपाली जैन, श्रीमती सेजल शाह, श्रीमती सुमन अग्रवाल, श्रीमती सुनीता शाक्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। केराझर स्थित मॉडल टाउन में स्व श्री जिंदल की स्मृति में पौधरोपण किया गया।

### तीन थाना क्षेत्रों से ...

गया है। वहीं खरसिया पुलिस ने शनिवार को ही 3 व्यक्तियों को तथा चक्रधरनगर पुलिस ने 2 व्यक्तियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा है। इसी कड़ी में 29 मार्च को कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 4 आरोपियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा था। इस प्रकार पिछले दो दिनों में पुलिस ने 12 आरोपियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया है, जिनसे नगद 40 हजार 910 रूपए 12 नग मोबाइल, 01 लैपटॉप की जप्त किया गया है। आरोपियों से जब्त किए गए रकम और मोबाइल लैपटॉप का वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1 लाख 61 हजार 910 आंकी गई है। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है।

### इन आरोपियों की हुई ...

प्रसाद उर्फ गनपत राठौर पिता श्यामलाल निवासी रतनमहका से 4 हजार 210 रुपए, 1 मोबाइल, चण्डी चरण पाण्डेय पिता द्वारिका प्रसाद पाण्डेय उम्र 46 साल निवासी सिविल लाईन खरसिया से 1 हजार 500 रुपए 2 नग मोबाईल, अजय ठाकुर पिता लाभ सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी सोनिया नगर कोतरारोड से 1 हजार 450 रुपए, छबि राम धीवर पिता भागीरथी धीवर उम्र 36 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा से 1 हजार 100 रुपए, बसीर हुसैन पिता बदरू हुसैन उम्र 36 वर्ष निवासी मधुबन पारा से 2000 हजार रुपए, रमेश पटेल पिता लक्ष्मण पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी नवागढी राजापारा से 1 हजार 250 रुपए जब्त किया गया है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 9 दिन | 4.00 | 36.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 136.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

